आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज कांगड़ा, हमीरपुर और बिलासपुर जिला में चुनाव प्रचार करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अनुराग ठाकुर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत कांगड़ा के देहरा में भाजपा मंडल द्वारा आयोजित एससी मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद वह हमीरपुर के जाहू और बिलासपुर के घुमारवीं में स्थानीय कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे।

मुकेश अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि भाजपा ने जिस प्रकार से कांग्रेस के बागियों को उप चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है उससे भाजपा को अपने अंदर ही बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात उन्होंने ऊना मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवारों की चिंता ना करें और कांग्रेस के पास एक से बढ़कर एक उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार में है और कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता जनता के बीच जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही अपने उम्मीदवार घोषित करेगी।

गंगूराम मुसाफिर

सात बार के विधायक, पूर्व मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर की कांग्रेस में वापसी का मामला लटक गया है। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सांसद प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला ने बताया है कि गंगूराम मुसाफिर का पार्टी में पुनः शामिल करने का मामला अभी कांग्रेस आलाकमान के पास लंबित पड़ा है और इस पर अभी अंतिम फैसला होना बाकी है। गौरतलब है कि दो दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने गंगूराम मुसाफिर के पुनः पार्टी में शामिल होने का दावा किया था। गंगुराम मुसाफिर को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पच्छाद से निर्दलीय चुनाव लड़ने पर छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

कांगड़ा भाजपा

भाजपा के कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विपिन सिंह परमार और प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कल कांगड़ा मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। राजीव भारद्वाज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है और यह सम्मेलन भाजपा के कार्यकर्ता के संकल्प की पराकाष्ठा है। उन्होंने लोकसभा चुनावों में प्रदेश में चारों सीटें जबकि देश में 400

से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। वहीं विपिन सिंह परमार ने कहा कि लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह देखा जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे।

नेशनल हाईवे

चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे मंडी से पंडोह तक वाहनों की आवाजाही के लिए एक हफ्ते तक रोजाना 4 घंटे के लिए बंद रहेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग आज सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और फिर शाम सवा 3 बजे से सवा 5 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 6 मील और 9 मील से मलबा व हवा में लटकी बड़ी बड़ी चट्टानों को हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बंद के समय छोटे वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकेंगे।

कथक उत्सव

शिमला के गेयटी थिएटर में भाषा कला व संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कथक उत्सव का कल संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस उत्सव के पहले दो दिन स्कूल और कॉलेजों के छात्रों के लिए कथक नृत्य पर चार सत्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया और कथक नृत्य की बारीकियों की जानकारी दी गई। उत्सव में करीब 140 छात्रों ने भाग लिया। उत्सव के अंतिम दिन प्रसिद्ध कथक नृतकों गुरु मंगला भट्ट और गुरु राघव राज भट्ट द्वारा राम गाथा पर कथक नृत्य का आयोजन किया गया।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–गंगूराम मुसाफिर की कांग्रेस में वापसी पर पार्टी हाईकमान का यू टर्न–राजीव शुक्ला बोले–पार्टी में लेने का मामला अभी लंबित। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–गंगूराम मुसाफिर को पुनः पार्टी में शामिल करने का खंडन।

दैनिक जागरण ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–भाजपा नेता खरीद सकती है, जनता को नहीं। वहीं आपका फैसला का शीर्षक है–कांग्रेस ने देश के लोकतंत्र को किया मजबूत। अमर उजाला के शब्द हैं–सर्वे के आधार पर जिताऊ प्रत्याशी को देंगे उपचुनाव का टिकट।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है कांग्रेस। इसी समाचार पत्र के अनुसार हिमाचल पुलिस की आठ कंपनियां अब अंडेमान व निकोबार द्वीप समूह में देंगी चुनावी डयूटी।

दैनिक भास्कर ने खबर दी है—लोक निर्माण विभाग ने चुनाव आयोग से मांगी 296 प्रोजेक्ट वर्क की मंजूरी। इसी समाचार पत्र की एक अन्य खबर है—प्रदेश में पशु पालकों को स्थायी आमदनी देने का मामला जून तक टला, नियम नहीं हो पाए तैयार।

पालमपुर में युवती पर हुए जानलेवा हमले से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है—पालमपुर थाने के बाहर प्रदर्शन, पुलिस के लिए चूड़ियां लेकर पहुंचे विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता। जबकि अमर उजाला के शब्द हैं—पालमपुर थाने के बाहर चार घंटे प्रदर्शन। दैनिक जागरण ने पीड़िता के बयान को शीर्षक दिया है—जान से मारना चाहता था आरोपित। हिमाचल दस्तक ने कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक के हवाले से लिखा है—पालमपुर प्रकरण में होगी सख्त कार्रवाई।